VOLUME : 2
NUMBER : 1

# KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI LANGUAGE UNIVERSITY

SITAPUR-HARDOI BYPASS ROAD, LUCKNOW - 226013



# The Reflections

## QUARTERLY NEWSLETTER

**JANUARY 26 TO MARCH 26**

*Patron*
**Prof. Ajay Taneja**
***Vice Chancellor***
Khwaja Moinuddin Chishti
Language University, Lukcnow

***Editorial Board***

**Prof. Tanveer Khadija**
*Chief Editor*

**Prof. Shalini Tripathi**
*Editor*

**Dr. Shan-e-Fatima**
*Deputy Editor*

**Dr. Moosi Raza**
*Deputy Editor*

**Dr. Yogendra Singh**
*Member*

**Mr. Ahtesham Ahmad**
*Member*

**Mr. Mohd. Aquib Furqan**
*Graphics Designer/Member*

https://kmclu.ac.in/



## *Message from the* Vice Chancellor

**Prof. Ajay Taneja, *Vice Chancellor***

It gives me great pleasure to present the second edition of *The Reflection*, the quarterly newsletter of Khwaja Moinuddin Chishti Language University. This edition continues our journey of documenting and celebrating the academic, research, and co-curricular accomplishments of our vibrant university community. Over the past months, the university has witnessed consistent growth in various domains, including academic excellence, research initiatives, student engagement, and community outreach. The collective efforts of our faculty members, students, and staff have significantly contributed to strengthening the academic environment and enhancing the reputation of the institution. This newsletter reflects not only the events and achievements but also the dedication, creativity, and commitment of our university fraternity. It stands as a testament to our shared vision of fostering knowledge, innovation, and holistic development. I appreciate the sincere efforts of the editorial team in compiling this edition and extend my best wishes to all contributors and readers. I am confident that *The Reflection* will continue to inspire and connect our academic community.

***With best wishes,***

***Prof. Ajay Taneja***
*Vice-Chancellor*



## *Message from the* Chief Editor

It is a matter of great pride to present the second edition of *The Reflection*, which captures the continued progress and achievements of Khwaja Moinuddin Chishti Language University. This issue reflects the dynamic academic environment of the university, highlighting various activities such as seminars, workshops, research contributions, cultural events, and student accomplishments. Each segment of the newsletter represents the enthusiasm and dedication of our faculty members, students, and staff. The journey of compiling this edition has been both enriching and inspiring. We have made sincere efforts to present a comprehensive overview of the university's ongoing developments while maintaining the essence and spirit of our academic community. I express my heartfelt gratitude to all those who contributed directly and indirectly to this publication. Their cooperation and support have made this endeavor successful. I hope this edition of *The Reflection* will continue to inform, inspire, and strengthen the bond within our university community.

***Prof. Tanveer Khadija***
*Chief Editor*

# विभागीय गतिविधियाँ

**दिनांक 01 जनवरी 2026।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर और नेशनल सर्विस स्कीम (NSS) की कोऑर्डिनेटर डॉ. नलिनी मिश्रा को समाज और भलाई के कामों के क्षेत्र में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। खास तौर पर, उन्होंने ब्लड डोनेशन कैंप को सफलतापूर्वक ऑर्गनाइज़ किया, समाज में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और इंसानियत की सेवा की। इसके अलावा, उन्होंने पढ़ाने का भी काम किया। यह अवॉर्ड डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (RMLIMS), लखनऊ ने दिया।



**दिनांक 05 जनवरी 2026 ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने उच्च शिक्षा, शोध एवं अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय तथा आज़मगढ़ की महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत फैकल्टी एवं छात्र आदान–प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाएं, सेमिनार, कार्यशालाएं तथा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। परिणामस्वरूप, तीनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक समन्वय मजबूत होगा और विद्यार्थियों को व्यापक शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे।



**दिनांक 05 जनवरी 2026 ।** जनभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने कनाडा के हिन्दू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के साथ सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जनभवन में स्टूडेंट एक्सचेंज, साझा रिसर्च के साथ–साथ कोर्स एक्सचेंज, प्रोग्राम चलाया जाएगा। विश्वविद्यालयों को उन्होंने उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए नवाचार के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अवसर दिलाने को कहा। जिससे उन्हें राजभवन में एमओयू और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम में भारतीय भाषा का ज्ञान लेने कनाडा से छात्र आएंगे, शोध व नवाचार के लिए बेहतर मंच मिल सकेगा। कैनेडियन हिन्दू चौंबर्स ऑफ कॉमर्स के ट्रस्टी नरेश कुमार चावड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय भाषाओं की मांग बढ़ रही है। ऐसे में कनाडा से छात्र भारत में भारतीय भाषाओं का ज्ञान लेने आएंगे।



**दिनांक 06 जनवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के मध्य समझौता–ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता उद्योग उन्मुख कौशल विकास एवं अप्रेंटिसशिप आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु एक सहयोगात्मक पहल है।



**दिनांक 07 जनवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के मध्य विद्यार्थियों,शिक्षकों तथा कर्मचारियों के मानसिक, भावनात्मक एवं

नैतिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से इस समझौते पर जोनल कोऑर्डिनेटर शालिनी मल्होत्रा ने हस्ताक्षर किए साथ ही कर्नल सुधीर सिंह राठौर भी उपस्थित रहे। इस एमओयू के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन, मेडिटेशन,जीवन कौशल विकास,नेतृत्व क्षमता संवर्धन तथा मूल्य आधारित शिक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही शिक्षकों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी संचालित किए जाएंगे। समझौते के तहत विश्वविद्यालय में हार्टफुलनेस कॉर्नर एवं मेडिटेशन प्रैक्टिस रूम की स्थापना की जाएगी। जिससे विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, एकाग्रता वृद्धि एवं सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायता मिलेगी। इससे विश्वविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और अधिक संतुलित, अनुशासित एवं सकारात्मक बनेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों का मानसिक एवं नैतिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है।



**दिनांक 08 फरवरी 2026।** केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में गुरुवार को बिल्डिंग द फ्यूचर स्टार्टअप सपोर्ट एंड एआई इनोवेशन विषयक एक विशेषज्ञ व्याख्यान व संवादात्मक सत्र का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम को अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सहयोग कराया गया। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों व शोधार्थियों को स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए टिप्स दिए। मुख्य वक्ता आईआईटी कानपुर में स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के प्रमुख वसव कृष्णा ने कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा–आधारित नवाचार का युग है, जहां स्टार्ट–अप्स समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।



**दिनांक 09 फरवरी 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के हाइब्रिड हॉल में लर्न, लांच एंड लीड विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रभाशंकर शुक्ल द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने शिक्षा, भाषा, सामाजिक व्यवहार, नेतृत्व और नवाचार के आपसी संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने व्याख्यान में प्रो. शुक्ल ने कहा कि मनुष्य मूलतः सामाजिक प्राणी है और सीखना, आरंभ करना तथा नेतृत्व करना जीवन की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। भारत की एकता में विविधता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे खान पान, रहन सहन, व्यवहार, दृष्टिकोण और सीखने के तरीके भिन्न हो सकते हैं, किंतु यही विविधता हमें एक सूत्र में बाँधती है।



**दिनांक 12 जनवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर आधुनिक पुरुष जिमनेजियम का भव्य उद्घाटन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के क उद्देश्य से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर अजय तनेजा ने दीप प्रज्ज्वलन एवं रिबन काटकर जिम का औपचारिक लोकार्पण किया।



**दिनांक 12 जनवरी 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत एवं शिक्षाएः मिलेनियल्स से जेन–जेड तक विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के हाइब्रिड हॉल (द्वितीय तल) में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल

मंत्रालय से जुड़े वक्ता एवं युवा आइकन श्री दुर्गेश त्रिपाठी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन संघर्षों का उल्लेख किया और बताया कि संकल्प, विनम्रता तथा निरंतर परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से विनम्र बने रहने, कभी हार न मानने और यह समझने का आह्वान किया कि सहभागिता स्वयं में सफलता की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।



**दिनांक 20 जनवरी 2026।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक दो भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। नुक्कड़ नाटक में सुरक्षा वॉरियर टीम के पारुल बिलरान, साक्षी पाण्डेय, प्रिया सिंह, नेहा सिंह, सौरभ चंद्र शुक्ला, आयुष गुप्ता आनंद कुमार एवं हिमांशु सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अमन कुमार त्रिपाठी ने प्रथम सरस लाल सिद्ध की नृत्य स्नेहा खान ने तृतीय स्थान अर्जित किया।




**दिनांक 21 जनवरी 2026।** विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर आरटीओ की कार्यशाला आयोजित हुई। बिना हेलमेट छात्रों को नसीहत देकर हेलमेट बांटे गए। लखनऊ के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री संजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेफ्टी ऑफिसर श्री पंकज शर्मा एवं अन्य प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों और सावधानियों की जानकारी दी।




**दिनांक 21 जनवरी 2026।** विश्वविद्यालय के अरबी विभाग द्वारा हजरत अली इब्ने अबी तालिब की मानवतावादी शिक्षाओं पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो0 ओबेदुल्ला फहद रहे।



**दिनांक 24 जनवरी 2026।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिसर में एनसीसी 20 गर्ल्स बटालियन द्वारा एक प्रभावशाली मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात उत्पन्न जल एवं चिकित्सा आपातकाल की परिस्थितियों में युवा आपदा मित्रों द्वारा घायलों की सहायता, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी तथा राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया।



**दिनांक 24 जनवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का हुआ भव्य आयोजन हुआ। भाषण, पोस्टर, मॉडल चार्ट, क्विज, रंगोली प्रतियोगिताओं समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में निरंतर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।



**दिनांक 26 जनवरी 2026।** भाषा विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के बैण्ड तिरंगा तरंगिणी की परेड के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अजय तनेजा ने महात्मा गांधी और बाबा साहब अंबेडकर से प्रेरणा लेते हुए सिक्स डी प्लान के माध्यम से व्यक्तिगत एवं संस्थागत विकास का आवाह्न किया।




**दिनांक 28 जनवरी 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना रहा। वहीं, ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क, हीरो मोटोकॉर्प लखनऊ सेफ्टी ऑफिसर श्री पंकज शर्मा व सड़क सुरक्षा समन्वयक सैयद एहतेशाम द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए गए। कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले छात्रों को मौके पर हेलमेट वितरित किए गए।



**दिनांक 28 जनवरी 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा छात्र सुविधा केंद्र में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण और टाटा 1mg के सक्रिय सहयोग से आयोजित इस शिविर में विश्वविद्यालय के 120 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समुदाय के स्वास्थ्य स्तर की जांच कर आवश्यक सलाह प्रदान करना था, जो विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य–केंद्रित पहलों का हिस्सा है। शिविर में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उपयोग कर यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल के अलावा रक्तचाप और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। टाटा 1 mg के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिपोर्ट प्रदान कीं तथा जीवनशैली सुधार, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम पर उपयोगी सलाह दी।



**दिनांक 28 जनवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की साहित्यिक संस्था बज़्म–ए–अदब के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से ''महात्मा गांधी जीवन और विचार'' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो0 सौबान सईद ने महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नेता ही नहीं थे, बल्कि वे एक समग्र नैतिक और बौद्धिक व्यवस्था के प्रवर्तक भी थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सादगी, सत्य और अहिंसा की व्यावहारिक व्याख्या है जिसमें व्यक्तिगत चरित्र और सामूहिक उत्तरदायित्व के बीच गहरा संबंध दिखाई देता है। प्रो. सौबान सईद के अनुसार गांधी के विचार आज के भौतिकतावादी और विघटनग्रस्त समाज में नैतिक संतुलन स्थापित करने की पूर्ण क्षमता रखते हैं।

**दिनांक 31 जनवरी 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ सहित लखनऊ जिले के 10 उच्च शिक्षण संस्थानों में भारत बौद्धिक आई0के0एस0 परीक्षा का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। यह परीक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय एवं विद्या भारती उच्च संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में करवाई गई।



**दिनांक 01 फरवरी 2026।** फ़्लाइट कैडेट रुद्राक्ष चौधरी बी. टेक. सी.एस.ई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग) तृतीय वर्ष, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थी की असाधारण उपलब्धि–इंटर–यूनिट और इंटर–बटालियन प्रतियोगिताओं के कठिन दौर से शुरू होकर दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर (RDC) के भव्य मंच तक पहुंची, फ्लाइट कैडेट रुद्राक्ष ने उत्कृष्टता का एक नया इतिहास रचा है, जहाँ उन्हें एनसीसी एयर विंग में ऑल इंडिया चौथा सर्वश्रेष्ठ कैडेट (All India 4th Best Cadet) चुना गया।



**दिनांक 02 फरवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नेता ज़ी सुभाष चंद्र बोस पुरुष छात्रावास में जन भवन के निर्देशानुसार केंद्रीय बजट सत्र का लाइव प्रसारण बड़े टीवी स्क्रीन के माध्यम से किया गया।



**दिनांक 03 फरवरी 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक अवस्थी द्वारा लिखित पुस्तक सिविल इंजीनियरिंग का विमोचन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया।



**दिनांक 04 फरवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत "बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा, मैक्स हेल्थकेयर के सहयोग से विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में सम्पन्न हुआ।



**दिनांक 04 फरवरी 2026।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पोस्टर बनाना, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।




**दिनांक 04 फरवरी 2026।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**दिनांक 07 फरवरी 2026।** सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पी.के.एस. फोम कंक्रीट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में एएसी (।।ß) ब्लॉक्स निर्माण से संबंधित एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक निर्माण तकनीकों तथा फोम कंक्रीट एवं एएसी ब्लॉक्स की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।



**दिनांक 08 फरवरी 2026।** विश्वविद्यालय के छात्र, अधिकारी और शिक्षक जन भवन गए और गौमाता की सेवा की। कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने कहा कि यह पहल ''गौ सेवा परमो धर्म'' की भावना से प्रेरित है, जो छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और जीवन संरक्षण के मूल्यों को जागृत करती है।



**दिनांक 08 फरवरी 2026।** जन भवन के आदेशों के अनुसार और कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के निर्देशन में, विश्वविद्यालय ने अपने द्वारा गोद लिए गए गांव के 50 निवासियों को जन भवन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ले जाया गया।



**दिनांक 10–11 फरवरी 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अरबी विभाग द्वारा आयोजित ''अवध के अरबी एवं इस्लामी अध्ययन में ऐतिहासिक योगदान'' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन अटल सभागार में संपन्न हुआ।



**दिनांक 10 फरवरी 2026।** उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहयोग से आज 10 फ़रवरी 2026 को ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के परिसर में भव्य रोजगार मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में वॉलमार्ट, सुजलॉन, टाटा मोटर्स, हिताची सहित कुल 21 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं आईटीआई के विद्यार्थियों को रोज़गार के अवसर प्रदान किए। रोजगार मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों का रोजगार पोर्टल पर सुव्यवस्थित पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन का वातावरण अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादायक रहा।



**12th Feb. 2026** | It's gives me immense pleasure to inform that the Department of Zoology students actively participated in Innovation Festival 2026 with great



enthusiasm at Regional Science City, Lucknow. A very informative lecture was given by Eminent Scientist of CSIR-CDRI entitled "Artificial Intelligence in Biological Sciences". Thereafter students visited and carefully listened to the ideas of young innovators and researchers at various stalls of others students. Also a Teacher/Pupil Training Program was conducted for our 25 students and students got benefited from hands on training/skills in various difficult topics of Science with the model preparation.

13th Feb. 2026 | Our PhD Scholars represented University at Career Mela at GGIC Choti Jublee Organised by UP Government, where they briefed students about the various courses of our University.




**दिनांक 14 फरवरी 2026 |** सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ब्रिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ईंट निर्माण की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। छात्रों को कच्चे माल के चयन, मिट्टी की तैयारी, मोल्डिंग प्रक्रिया, भट्ठे में पकाने की तकनीक, गुणवत्ता परीक्षण एवं निर्माण में ईंटों के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं



**दिनांक 17 फरवरी 2026 |** विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । थीम ''मिलेट के रंग, स्वास्थ्य के संग'' इस अवसर पर ''देसी सुपर फूड उत्सव'' का आयोजन किया गया।



**दिनांक 17 फरवरी 2026 |** विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए दिगुरिया गांव के सरकारी स्कूल में छात्रों को मुफ्त खेल उपकरण वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मोनिका तनेजा ने बच्चों को खेलों के महत्व पर एक प्रेरक संदेश दिया।



**दिनांक 21 फरवरी 2026 |** मातृभाषा हमारी पहचान और भावनाओं की नींव है: डॉ. आराधना अस्थाना। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



**दिनांक 21 फरवरी 2026 |** एजुकेशन द्वारा आयोजित एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से कुल 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ।



**दिनांक 21 फरवरी 2026।** विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा फरवरी में आयोजित 7 दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षा, पर्यावरण, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, ग्रामीण संवाद और सांस्कृतिक विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।



**दिनांक 28 फरवरी 2026।** विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डिप्लोमा प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं ने नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC), अलीगंज का एक शैक्षणिक भ्रमण (Educational Visit) सफलतापूर्वक पूरा किया।



**दिनांक 28 फरवरी 2026।** जन भवन द्वारा आयोजित चांसलर कप 2026 के उद्घाटन मैच में 28 फरवरी को ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 48 रनों से हराकर विजयी शुरुआत की।





**दिनांक 07 मार्च 2026।** लखनऊ स्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग की डॉ. युसैरा अहमद को Young Woman Researcher Award 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान एंटरप्रेन्योरशिप (मैनेजमेंट) के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया।

Five Day Management Development Program (MDP) organized by Deptt of Commerce.



**दिनांक 15 मार्च 2026।** विश्वविद्यालय में ''सभी के लिए एआई'' नामक एक मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है।इसमें सैकड़ों छात्रों ने उत्साहपूर्वक पंजीकरण कराया। कक्षाएं 16 मार्च से शुरू हो गई हैं।



**दिनांक 17 मार्च 2026।** विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के छात्रों ने शैक्षिक दौरे के लिए सीएसआईआर–सीआईएमएपी का भ्रमण किया और औषधीय पौधों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।



दिनांक 17 मार्च 2026। उद्यमी लॉन्चपैड योजना के तहत विश्वविद्यालय में लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



दिनांक 17 मार्च 2026। कैनन इंडिया के सहयोग से विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी अध्ययन केंद्र में एक दिवसीय ''कंटेंट क्रिएटर वर्कशॉप'' का आयोजन किया गया।




दिनांक 18 मार्च 2026। के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित युवा खेल महोत्सव 2.0 के अंतर्गत कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय की टीम ने श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, लखनऊ को 38–35 के करीबी अंतर से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।



दिनांक 24 मार्च 2026। उ. प्र. सरकार द्वारा आज बिजली पासी कॉलेज, आशियाना में आयोजित जनपद स्तरीय भाषण, रील मेकिंग और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए KMCLU का प्रतिनिधि प्रतिभागी दल रवाना हुए।



दिनांक 25 मार्च 2026। सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्व जल दिवस 2026 के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना था।




दिनांक 25 मार्च 2026। उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में, दिनांक 25.03.2026 को एक पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों एवं प्रमुख विशेषताओं को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत करना था। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, पर्यावरण,महिला सशक्तिकरण तथा डिजिटल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को आकर्षक एवं सृजनात्मक पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया।



**25th Mar. 2026** | Dr. Auras Katiyar, Medical Officer (incharge) at CMO office, Kanpur, delivered an informative and insightful lecture on World Tuberculosis Day. The event was organised by the Faculty of Pharmacy and coordinated by Ms Archita Tiwari and Mr Ranveer Singh.



**25th Mar. 2026** | KMCLU NCC CADETS of 2nd year appeared for B certificate practical Examination at Reserve Police Line Ground, Lucknow.




**दिनांक 25 मार्च 2026 |** अवधी भाषा संगोष्ठी में सहभागिता कर कवि हुए सम्मानित।

राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने अवधी भाषा संगोष्ठी में सहभागिता की व उन्हें सम्मानित किया गया। इस संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में अवधी शोधपीठ के संयोजन में किया गया। इस पंच दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन अवध भारती संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में भारतीय भाषा डेटा संकाय, भारतीय भाषा संस्थान उच्चतर शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार मैसूर के निर्देशन में हुआ।



**दिनांक 25 मार्च 2026 |** ख्वाजा मुईइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का निरीक्षण जन भवन से पधारे आदरणीय महामहिम महोदया के विशेष कार्य अधिकारी श्री अशोक देसाई और श्री पंकज एल जानी द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के छात्रावास समेत विभिन्न विभागों और व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विभिन्न निर्देश दिए गए।





**दिनांक 25 मार्च 2026 |** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नौ गौरवमयी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ' इस कार्यशाला का विषय ''ओडीओपी –वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट'' था, जिसका आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 4 द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष कार्यकारी अधिकारी एन.एस.एस. डॉ0 मंजू सिंह जी पर्यवेक्षण और केएमसीएलयू एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ0 नांलिनी मिश्र के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी आशीष शाही ने की। मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद हैदर अली ने भाग लिया और लगभग 100 स्वयंसेवकों को संबोधित किया।



27th Mar. 2026 | AI for everyone classes conducted in online mode in various departments.



25th Mar. 2026 | Our NCC Cadets of Second year appeared for B certificate Written Examination at A P Memorial Girls College, Lucknow.



30th Mar. 2026 | Department of Journalism and Mass Communication was the Institutional Parter on International Film Festival of Utter Pradesh where our students were handling the Event Management and PR part



**दिनांक 30 मार्च 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य भाषाई दक्षता को व्यावसायिक कौशल से जोड़कर युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा ''यह पहल प्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि अवसरों का द्वार है। जब हम भाषा को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल के साथ जोड़ते हैं, तो युवाओं की करियर संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं।''



**दिनांक 30 मार्च 2026।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में उड़ीसा स्थापना दिवस के अवसर पर कुलपति माननीय प्रो0 अजय तनेजा जी के मार्गदर्शन में तथा प्रो0 चन्दना डे, संकाय प्रमुख के पर्यवेक्षण में एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उड़ीसा की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं कला को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत करना था। प्रतियोगिता का समन्वयन प्रो0 शालिनी त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा इसके संयोजक डॉ0 श्वेता त्रिवेदी, सुश्री तान्या सागर, इंजीनियर राशि श्रीवास्तव एवं सुश्री नैंसी तिवारी रहीं। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 8 टीमों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। प्रतिभागियों ने अपनी रंगोली के माध्यम से उड़ीसा की सांस्कृतिक विरासत को अत्यंत सुंदर एवं सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में तीन टीमों को विजेता घोषित किया गया, जिनकी प्रस्तुति उत्कृष्टता, सृजनात्मकता एवं विषय की अभिव्यक्ति के आधार पर चयनित की गई। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. साइमा अलीम एवं डॉ. हिनादी अकबर द्वारा किया गया।



# विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कॉफ्रेन्स/सेमिनार

**दिनांक 05–06 जनवरी 2026 |** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में तृतीय लिंगी की हाशिए से मुख्य धारा तक की यात्रा विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ पीयूष त्रिवेदी द्वारा किया गया तथा उद्घाटन भाषण कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के द्वारा किया गया। शुभारंभअवसर पर बतौर मुख्य अतिथि किन्नर समाज की श्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता, उज्जैन पीठ जूना अखाड़ा की महामंडलेश्वर मां पवित्रा उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने उद्बोधन के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा थर्ड जेंडर विषय पर सेमिनार आयोजित करने की सराहना की और समाज द्वारा इस दिशा में सकारात्मक माहौल बनाने की अपील की।




**दिनांक 30–31 जनवरी 2026 |** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऑन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। दो दिवसीय वैश्विक आयोजन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में शोधकर्ताओं, विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और नीति निर्माताओं को एक साथ लेकर आया। मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रो0 जे.पी. पाण्डेय ने रोबोटिक्स और ऑटोमेशन को भविष्य की औद्योगिक क्रांति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि ऑटोमेशन उत्पादकता बढ़ाने के साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रो0 पाण्डेय ने आइंस्टीन के प्रसिद्ध सूत्र का हवाला देते हुए तकनीकी शिक्षा में मौलिक सिद्धांतों की सीख पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने क्वांटम कंप्यूटिंग की भविष्य की प्रासंगिकता, चुनौतियों और रोबोटिक्स में इसके संभावित अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की।





**दिनांक 03 फरवरी 2026 |** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन में स्थित अटल हॉल में सोमवार को हैण्ड्स–ऑन वर्कशॉपः माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी तकनीकें व उपकरण विषय पर छह दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का उद्घाटन हुआ। वर्कशॉप का आयोजन बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग ने बायोवर्स टेक्नोलॉजीज के सहयोग से किया। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो0 अजय तनेजा, भारतीय माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो0 ए.एम. देशमुख, पूर्व कुलपति प्रो0 डी.एस. चौहान सहित कई विशेषज्ञों ने विचार रखे।





**दिनांक 16 फरवरी 2026 |** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। जिसका विषय ''समकालीन उर्दू साहित्य में प्रगतिशील विचारधाराओं पर फिर से विचार'' था। सेमिनार में उर्दू अदब की प्रगतिशील परंपरा, तरक्की–पसंद तहरीक की प्रासंगिकता और मशीन/टेक्नोलॉजी के दौर में उर्दू साहित्य के भविष्य पर गहन विचार–विमर्श हुआ। सेमिनार के संयोजक प्रो. सौबान सईद ने सभी अतिथि विद्वानों का स्वागत करते हुए उनका परिचय दिया। उन्होंने कहा कि आज के समाज में उर्दू अदब एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और प्रगतिशील सोच को जीवित रखने की जरूरत है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू भाषा 1920 से तरक्की–पसंद विचारधारा को आगे बढ़ाने में सक्रिय है। आजादी की लड़ाई में उर्दू को अंग्रेजों ने 'विद्रोह की भाषा' कहा था। आज भी कॉलोनियलिज्म, फेमिनिज्म, मॉडर्निज्म जैसे आंदोलनों में भाषा के माध्यम से समाज सुधार संभव है।




**दिनांक 23 मार्च 2026 |** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, Samsung us Samsung Innovation Campus के तहत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 1,000 छात्रों को कोडिंग और प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) में सर्टिफ़ाई किया है। इस उपलब्धि के साथ, उत्तर प्रदेश में SIC–सर्टिफ़ाइड छात्रों की कुल संख्या 4,900 हो गई है, जिससे यह राज्य देश में इस कार्यक्रम के सबसे सक्रिय और महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्रों में से एक बन गया है।





**दिनांक 28 मार्च 2026 |** अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सहयोग से "Ideas to Impact 2026: Innovation Hackathon" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 28 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल हॉल, ग्राउंड फ्लोर में आयोजित होगा। इस नवाचार–आधारित हैकाथॉन का उद्देश्य युवाओं, स्टार्ट–अप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) को डिजिटल परिवर्तन और उभरती तकनीकों के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में प्रतिभागी अपने नवाचार आधारित प्रोटोटाइप और समाधान प्रस्तुत करेंगे। आयोजन के दौरान डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इंडस्ट्री 4.0, ग्रीन एंटरप्राइजेज, फिनटेक समाधान और स्किल डेवलपमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे स्टार्ट–अप इकोसिस्टम को मजबूती मिल सके। हैकाथॉन की प्रमुख विशेषताओं में प्रतिभागियों द्वारा 10 से 15 मिनट की प्रस्तुतियां, विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन, स्टार्ट–अप एवं नवाचार नीतियों पर इंटरैक्टिव चर्चा, तथा विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार शामिल हैं।




# Research/Review Paper Publication/s

| S. No. | Author/s | Title | Journal Name | ISSN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Brajesh K Dwivedi | Current trend of sediments dynamics and Water quality Index of river terrain | Journal of Institution of Public Health Engineering, India | 2589-5686 |
| 2. | Nancy Tiwari | Guillain-Barre Syndrome Following COVID-19 Vaccina on: A Systemic Review and Meta - Analysis | Goya | 0017 - 2715 |
| 3. | Dr. Ratnesh Kumar Singh | Integrative Taxonomy of Marine Helminths from Carangoides spp.: Evidence from Morphology, ITS2, 28S rDNA and COI Gene Sequences. | Advanced International Journal for Research (AIJFR) | 3048-7641 |
| 4. | Dr. Ratnesh Kumar singh | Human Parasitic Diseases in Ancient and Medieval Indian Texts and the Bhagavad Gita: An Indian Knowledge System Perspective. | Abhinav Dhara | 2583-5149 |
| 5. | Ahtesham Ahmad | Nanoparticle-Based Doxorubicin Delivery Systems for Improved Cancer Treatment | Global Journal Of Pharmaceutical And Scientific Research | ISSN: 3108-0103 |
| 6. | Dr. Mohd Zahid | Oxidative Stressâ€“Mediated Neurotoxicity Induced by Lead and Its Modulation by Curcumin and Quercetin | INTERNATIONAL JOURNAL OF NOVEL RESEARCH AND DEVELOPMENT (IJNRD) | 2456-4184 |
| 7. | Dr. Mohd Zahid | CRISPR-Cas9 Applications for Sustainable Crop Improvement: Progress and Challenges | Journal of Emerging Technologies and Innovative Research (JETIR) | 2349-5162 |
| 8. | Dr. Akhlaq Ahmad | Women's contribution to Persian language and literature: A Historical and Critical Study. | International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT) | 2320-2882 |
| 9. | Dr. Hemant Kumar Singh | Cloud-Native Architectures for Scalable Data Management and Intelligent Decision-Making | ,â€□ in Proc. IEEE Int. Conf. Advancements and Key Challenges in Green Energy and Computing | |
| 10. | Dr. Hemant Kumar Singh | Comparative Analysis of Deep Learning Models with Explainable AI on Skin Cancer Detection | in Proc. IEEE Int. Conf. Advancements and Key Challenges in Green Energy and Computing | |
| 11. | Dr Aradhana Asthana | Mahakumbh 2025 | Indian Knowledge system for a viksit Bharat 2047 | 978-93-49894-62-4 |
| 12. | Kunal Agam | Nanoparticle-Based Doxorubicin Delivery Systems for Improved Cancer Treatment | Global Journal Of Pharmaceutical And Scientific Research | ISSN: 3108-0103 |

# Book Chapter/s

| S. No. | Author/s | Title | Publisher | ISBN | Month/ Year |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Archita Tiwari | Introduction to Prostate Cancer and conventional therapies | Elsevier science direct | 978-0-443-33208-1 | 01-01-2026 |
| 2. | Dhirendra Singh | Food Spoilage | Shriyanshi Prakashan, Agra | 978-81-994093-6-1 | 2/17/2026 |
| 3. | Dhirendra Singh | Fermentation Biotechnology | Shriyanshi Prakashan | 978-81-994093-6-1 | 2/17/2026 |
| 4. | Rashi Srivastava | Food spoilage | Shriyanshi Prakashan | 978-81-994093-6-1 | 2/17/2026 |

| S. No. | Author/s | Title | Publisher | ISBN | Month/ Year |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | Shivanshi Tripathi | Fermentation Biotechnology | Shriyanshi Prakashan | 978-81-994093-6-1 | 2/17/2026 |
| 6. | Shivanshi Tripathi | Food spoilage | Shriyanshi Prakashan | 978-81-994093-6-1 | 2/17/2026 |
| 7. | Rashi Srivastava | Fermentation Biotechnology | Shriyanshi Prakashan | 978-81-994093-6-1 | 2/17/2026 |
| 8. | Ms. Tanya Sagar | Deepfake and Freedom of Expression: Navigating Legal Boundaries in the age of Synthetic Media | Integrity Education India | 978-93-49868-77-9 | 3/24/2026 |
| 9. | Dr Aradhana Asthana | Mahakumbh 2025 | Rught way Publication and distribution | 978-93-49894-62-4 | 3/17/2026 |

# Details of MoUs

| S. No. | Name of the Institute | Country | Collaborative Department in the University | Nature of the MoU | Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Canadian Hindu Chamber of Commerce | Canada | KMCLU | This MoU aims to promote academic and scholarly collaboration, cultural exchange, and mutual cooperation through educational, professional, and cultural activities between the participating institutions | 05.01.2026 |
| 2. | Dr. Bhimrao Ambekdar University, Agra | India | KMCLU | This MoU establishes a framework for mutual academic, cultural, and research cooperation between the institutions based on equality, mutual benefit, and public good, in accordance with applicable laws and policies. | 05.01.2026 |
| 3. | Maharaja Suhel Dev University Azamgarh | India | KMCLU | To strengthen, promote and develop academic, cultural and research co-operation between the Parties on the basis of equality, mutual benefit and public good. | 05.01.2026 |
| 4. | Board of Apprenticeship Training (Northen Region), Kanpur | India | KMCLU | Implementation of Apprenticeship Embedded Degree Programmes(AEDP) under the National Apprenticeship Training Scheme of Ministry of Education | 06.01.2026 |
| 5. | Heartfulness Education Trust | India | KMCLU | To achieve excellence in language, research, Innovation that supports the students in becoming productive, responsible, ethical, creative and compassionate members of the society | 07.01.2026 |
| 6. | Swami Shukdevanand College (Swami Shukdevanand University) Shahjahanpur | India | KMCLU | This MoU seeks to establish cooperative academic, cultural, and research collaboration between the parties, grounded in equality, mutual benefit, and public good under applicable laws and policies. | 03.02.2026 |
| 7. | Mansik Shakti Foundation | India | KMCLU | This MoU aims to collaborate on mental health awareness, prevention, research, skill development, and community-based initiatives to promote holistic campus and community well-being. | 21.02.2026 |

# Awards/Recognitions

| S. No. | Name | Name of Award | Issuing Authority | Received on Date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Nalini Misra | Certificate of Appreciation for Conduction of Blood Donation | Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences | 01-01-2026 |
| 2. | Dr. Yusairah Ahmad | Young Woman Researcher Award 2026 | Venus Internation Foundation | 07-03-2026 |
| 3. | Mr. Amn Kumar Tripathi (Student-LL.M.) | Rs. 5000/- for District Level Speech, Reel Making & Nukkad Natak | Deptt. of Tourism, U.P. Govt. | 24-01-2026 |
| 4. | Mr. Mohd Nadeem (Student-MJMC) | Rs. 5000/- for District Level Speech, Reel Making & Nukkad Natak | Deptt. of Tourism, U.P. Govt. | 24-01-2026 |

# Scholars Space : Faculty of Law




डॉ0 पीयूष त्रिवेदी

विभागाध्यक्ष, विधि अध्ययन संकाय


किसी भी सभ्य समाज और राष्ट्र के सुख, शांति और अनुशासन, के लिए विधि का अत्यंत महत्व है। नैसर्गिक न्याय और साम्या के कंधों पर लोकतंत्र का भार होता है तथा किसी भी परिस्थिति में लोककल्याणकारी सरकार के निर्णयों को न्यायपालिका नैसर्गिक न्याय और साम्या के तराजू पर ही तौलती है। हमारे संविधान में मूल अधिकारों की अवधारणा एवं उनकी सुरक्षा का दायित्व–भार, न्यायपालिका प्रचलित राष्ट्रीय विधि के अनुसार ही करती है। विधि केवल दंडात्मक ही नहीं सुधारात्मक स्वरूप में भी होनी चाहिए तथा यह सुधारात्मक स्वरूप नागरिकों से लगाकर पुरातन प्रथाओं को आधुनिक समाज की आवश्यकता की पूर्ति हेतु परिवर्तनशील बनाने में समर्थ होना चाहिए। जिस प्रकार ठहरे हुए जल में अशुद्धियों का जन्म होता है उसी प्रकार विधि को भी समयानुसार सतत और सहज परिवर्तनशील होना चाहिए।

अतः मनुष्य के भौतिक विकास में विज्ञान सहायक है किंतु विकास का सुख और सुरक्षा प्राप्ति हेतु सशक्त विधि आवश्यक है।

•••



## The Need for a 'Romeo-Juliet Clause': Navigating the POCSO Paradox


**Ms. Tanya Sagar**

*Faculty of Legal Studies, KMCLU*


Since the enactment of the Protection of Children from Sexual Offences Act, the law has served as a cornerstone for safeguarding the rights of minors in India. However, the application of this statute has frequently led to complex legal dilemmas, particularly involving young lovers caught on the wrong side of rigid rules. As we navigate the corridors of legal education, it is vital to discuss the growing judicial discourse surrounding the necessity of a 'Romeo-Juliet Clause' within our criminal justice system.

Under the POCSO Act, the age of consent is strictly 18 years. While this threshold is designed to protect children from predatory exploitation, it operates on a binary basis that does not recognize the nuances of adolescent autonomy. The Supreme Court of India has frequently pointed out a troubling trend: a significant volume of POCSO cases involves teenagers engaged in consensual romantic relationships. In these instances, the law does not distinguish between a heinous offender and an adolescent in love. Consequently, many adolescents find themselves labelled as "accused" for acts that lacked any element of coercion or exploitation. This legal friction highlights the urgent need for a "close-in-age" exception, often referred to as the 'Romeo-Juliet Clause.' Such a provision would allow the judiciary the discretion to consider the age proximity and the consensual nature of the relationship between two adolescents. Without this flexibility, the mandatory minimum sentences prescribed by the Act risk destroying the lives of young individuals, turning what the judiciary often terms "adolescent experimentation" into a grave criminal record.

As members of the legal fraternity, we must advocate for a framework that protects the vulnerable without criminalizing the natural developmental realities of youth. Ensuring that POCSO remains a shield against abuse—rather than a sword against consensual peers—is essential for a balanced and just society.

•••



## भारत में जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन और सतत विकासः एक विधिक एवं नीतिगत विश्लेषण

डॉ. प्रशांत कुमार वरुण
सहायक आचार्य (विधि)

आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के तीव्र विस्तार के साथ जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट (Biomedical Waste) की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत करती है। अस्पतालों, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब तथा टीकाकरण केंद्रों से उत्पन्न यह अपशिष्ट, यदि वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधित न किया जाए, तो संक्रामक रोगों के प्रसार, जल एवं वायु प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन का कारण बन सकता है। विशेष रूप से कोविड–19 महामारी के दौरान बायोमेडिकल अपशिष्ट में हुई वृद्धि ने इस क्षेत्र में विधिक एवं प्रशासनिक कमियों को उजागर किया। भारत में जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन को विनियमित करने के लिए Biomedical Waste Management Rules, 2016 तथा Environment (Protection) Act, 1986 प्रमुख विधिक साधन हैं। इनका उद्देश्य अपशिष्ट के सुरक्षित संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन, उपचार एवं निपटान को सुनिश्चित करना है। तथापि, व्यावहारिक स्तर पर इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में संसाधनों की कमी, अपर्याप्त प्रशिक्षण, तथा निगरानी तंत्र की कमजोरी जैसी समस्याएँ विद्यमान हैं। सतत विकास के संदर्भ में, जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट का कुशल प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के संतुलित उपयोग से जुड़ा है। अतः वर्तमान अध्ययन भारत में प्रचलित विधिक एवं नीतिगत ढांचे का विश्लेषण करते हुए यह मूल्यांकन करता है कि ये प्रावधान सतत विकास के लक्ष्यों को किस हद तक प्राप्त कर पा रहे हैं।

●●●



## विकसित भारत के लिए लोकतंत्र और सरकार में युवा

''लोकतंत्र का रथ समता के पहियों पर चलता है। मंदिर कोई भी हो दीप वही जलता है।''

अमन कुमार त्रिपाठी (छात्र–एल.एल.एम.)

लोकतंत्र में समता की इसी भावना को परिलक्षित करते हुए आज भारत का युवा अपने सशक्त लोकतंत्र की प्रत्याशा में अपनी सतत् भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। एक अच्छा लोकतंत्र ही अच्छे शासन को जन्म देता है और वही अच्छा शासन समृद्ध और स्वस्थ लोकतंत्र बनाता है, यही अच्छा शासन जब नीतिगत और जन कल्याण की भावना से कार्य करता है तो वह 'सुशासन' के रूप में विख्यात होता है। सुशासन ही सरकार का वह मूल आधार है जो कल्याणकारी राज्य की प्रस्थापना को निरंतर गति देता है। इस प्रकार, लोकतंत्र और सरकार में युवा भागीदारी का समुचित सुनिश्चचीकरण भी आवश्यक है। विश्व में सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश भारत अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए लोकतंत्र को प्रतिपल पुष्पित, पल्लवित और नूतन भावनाओं से सृजित कर रहा है, इसमें युवा आबादी की बहुत बड़ी भूमिका है।

विश्व के कई देशों का लोकतंत्र जब खुली हवा में सांस नहीं ले पाया, कई देशों की लोकतांत्रिक व्यवस्था जब जन जीवन में अपनी पैठ नहीं बना पाई, जब कई देश सैनिक शासन से मुक्त नहीं हो पाए, तब हम (भारत) लोकतंत्र की जननी के रूप में स्थापित हुए हैं।

प्रासंगिक यह भी है कि जब नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में लोकतंत्र अनुशासन, मर्यादा को भूलकर अधिकारों की आवाज में कर्तव्यों को दरकिनार करते हुए अराजकता की आवाज का हिस्सा बन बैठा, तब हमने आजादी के 78 वर्षों के पश्चात अपने अधिकारों के समुचित प्रवर्तन और कर्तव्यों के सम्यक निर्वहन में स्वयं को सतत् विकास की सीढ़ी पर चढ़ते हुए पाया है और इसमें युवा अपनी सशक्त भूमिका निभा रहा है।

युवा जब लोकतंत्र का सारथी बनता है तो अपनी मांगों के अनुरूप, अपनी आकांक्षाओं की दिशा में एक समृद्ध, सशक्त और समुचित सरकार का गठन करता है, जो युवा के सपनों के साकार होने की दिशा में निरंतर प्रयास करती है। जब यही युवा लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही सरकार में भागीदारी की प्रत्याशा रखता है तो उसे विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधित्व के समुचित अवसर भी दिए जाते हैं। आज लोकतंत्र और सरकार में युवा भागीदारी का सबसे सशक्त उदाहरण बिहार की अलीनगर विधानसभा सीट से 25 वर्ष की उम्र में निर्वाचित युवा विधायक मैथिली ठाकुर भी हैं, जिन्होंने देश की सबसे कम उम्र की युवा विधायक होने का गौरव भी प्राप्त किया है और यह उदाहरण सिर्फ चुनाव तक सीमित नहीं है अपितु यह प्रधानमंत्री जी की दृढ़ संकल्पित 1 लाख युवाओं को राजनीति में लाने की प्रेरणा का सुसंगत दृष्टांत भी है। ऐसे उदाहरण ही लोकतंत्र और सरकार में युवा भागीदारी को अधिक मजबूत करते हैं।

आज विकसित भारत, 2047 की संकल्पना में युवा आबादी की हर स्तर पर सरकार द्वारा राय ली जा रही है, विकसित भारत से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर युवा आबादी से संवाद किया जा रहा है, गांव की पंचायत से लेकर देश की संसद तक युवा प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित और लोकतांत्रिक प्रणाली को समझने के लिए विकसित भारत युवा संसद जैसे कार्यक्रम भी व्यापक स्तर पर वार्षिक रूप से आयोजित हो रहे हैं। इतना ही नहीं युवा लोकतंत्र के एक मजबूत प्रतिनिधि के तौर पर समूह कार्य की भावना को सीखे, समाज के नवनिर्माण की दशा में संगठित हो, इस नाते से राष्ट्रीय सेवा योजना और माय भारत जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं के माध्यम से भी युवा कौशल को निखारा जा रहा है, जो कहीं न कहीं सरकार के सहायक अंगों के दृष्टिगत कार्यों का भागीदार भी बन रहा है। इस दिशा में विकसित भारत युवा नेता संवाद जैसे आयोजन भी मजबूत आधार बनाकर सहायक और सफल साबित हो रहे हैं जो युवाओं को जन भागीदारी और प्रतिनिधित्व की भावना से निरंतर बढ़ावा दे रहे हैं।

भारत का युवा विकल्पों पर नहीं अपितु संकल्पों पर राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्र और सरकार में सहायक सिद्ध हो रहा है। भारत का युवा संकल्प से सिद्धि की ओर निरंतर अग्रसर है और जो हर पल यह संदेश भी दे रहा है कि आज हमारा देश वह आदर्श परिभाषा बन रहा है जिसे विश्व के लोग पढ़ना चाहते हैं, हम अपनी सतत प्रगति से वह प्रासंगिक लेख बन रहे हैं, जिसे लोग दोहराना चाहते हैं और हम अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए वह प्रभावी दृश्य या श्रव्य प्रसारण बन रहे हैं, जिसे लोग देखना और सुनना चाहते हैं। निष्कर्ष स्वरूप स्मरणीय यह भी है कि आज युवा को लोकतंत्र और सरकार में अपने अधिकारों की सशक्त मांग और दायित्वों के सम्यक निर्वहन के साथ, इस मूल मंत्र को भी अपना आधार मानते हुए हर पल संज्ञान में यह रखना होगा कि हम लिखें वही जिसके नीचे अपना हस्ताक्षर कर सकें, हम सोचें वही जो बेहिचक बोल सकें और हम बोलें वही जिसका जवाब स्वयं बन सके। इसी भावना के साथ राष्ट्र प्रथम के मूल मंत्र को ध्यान में रखकर युवा विकसित भारत के लिए सतत अग्रसर है और रहेगा। अंत में आवाह्न स्वरूप प्रसिद्ध कवि गोपाल दास 'नीरज' जी द्वारा रचित पंक्तियों से लेखन को विराम दे रहा हूं कि ''जिस वायु का दीपक बुझाना ध्येय हो, उस वायु में दीपक जलाना धर्म है। जिन मुश्किलों में मुस्कुराना हो मना, उन मुश्किलों में मुस्कुराना धर्म है।''

•••



## अधिवक्ता

देवेंद्र कुमार राय,
विधि परास्नातक छात्र

अधिवक्ता भारतीय समाज का एक ऐसा वर्ग है जिसके महत्व का आकलन वही पीड़ित व्यक्ति कर सकता है जिसके मानवाधिकार का दमन किसी व्यक्ति या संस्था ने किया हो। संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों का लाभ पीड़ित तक पहुंचाने का माध्यम अधिवक्ता ही होता है। अधिवक्ता व्यवसाय सत्य संदर्भमें एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें सामाजिक सरोकार के साथ संतत्व की परंपरा का भी दर्शन सम्मिलित है क्योंकि अधिवक्ता, किसी पीड़ित की पीड़ा से स्वयं को जोड़ कर अपने ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा से उसकी पीड़ा के हरण का माध्यम बनता है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अधिवक्ताओं की अग्रणी भूमिका भी इसका ज्वलंत दृष्टांत है। नवीन अधिवक्तागण को इस व्यवसाय की शुचिता, सामर्थ्य व नैतिकता को अक्षुण्ण रखने के लिए महान विधिवेत्ताओं का अनुगमन करना चाहिए।

•••

# MEDIA COVERAGE

हिन्दुस्तान

## विश्वविद्यालय नवाचार के साथ मौके दिलाएं: राज्यपाल



एमओयू

■ राजधानी स्थित विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप संस्थानों के बीच
■ नवाचार कार्यों को बढ़ावा देना

## 'आर्थिक विकास के लिए उत्पादन और निर्यात को भी बनाएं सशक्त'



## 'आइडियाज टू इम्पैक्ट 2026' इनोवेशन हैकाथॉन सफलतापूर्वक सम्पन्न






## भाषा विश्वविद्यालय में 'स्टार्ट-अप सहयोग एवं एआई नवाचार' पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित



## भाषा, शिक्षा और नेतृत्व जीवन निर्माण की त्रिवेणी हैं : प्रो. प्रभाशंकर शुक्ल



## تعلیم کے ساتھ صحت پر توجہ وقت کی اہم ضرورت ہے

## خواجہ یونیورسٹی میں سبھاش چندر بوس بوائز ہاسٹل میں جمنازیم کا افتتاح



खबरों पर पैनी नजर — लखनऊ

## भाषा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन





## خواجہ یونیورسٹی کے طلبہ کا ضلع سطحی سڑک تحفظ مقابلوں میں قابل تحسین مظاہرہ



## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का आयोजन




## केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में आइडियाज टू इम्पैक्ट 2026



## केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में 'आइडियाज टू इम्पैक्ट 2026' हैकाथॉन संपन्न, युवाओं ने बिखेरे नवाचार के रंग



## भाषा विश्वविद्यालय का आगरा व आजमगढ़ की विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक एमओयू



# भाषा विवि में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन



लखनऊ, मंगलवार, 13 जनवरी 2026 3

# भाषा विश्वविद्यालय में पुरुष जिमनेजियम का भव्य उद्घाटन



## तृतीय लिंग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन



## भाषा विश्वविद्यालय में एनसीसी 20 वाहिनी बटालियन ने किया मॉक ड्रिल



## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकान के विचारों पर प्रेरक व्याख्यान



जागरण सिटी

### भाषण प्रतियोगिता में अमन, शैल मैथिल व नदीम को पुरस्कार

## भाषा विवि में रोजगार मेला आज

अवधीनामा

## अवधी भाषा अउर प्रौद्योगिकी विषय पर दो दिनी कार्यशाला केर समापन



my city अमर उजाला

### भाषा विश्वविद्यालय में रोजगार मेला आज

लखनऊ, मंगलवार, 13 जनवरी 2026


## मनाई गई जयंती

## ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का आयोजन



कैम्पस 30s

## विवि में निःशुल्क जिम शुरू



# गांधी के विचार आज भी समाज में नैतिक संतुलन स्थापित करने की क्षमता रखते हैं: प्रो. सौबान सईद

### शहीद दिवस के अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में कार्यक्रम आयोजित



World Media